संक्षिप्त

सात दिवसीय महेश समर कैंप शुरू

कपासन, (निसं)। कपासन में माहेश्वरी महिला मंडल आयोजित सात दिवसीय महेश समर कैंप 2026 का शुभारंभ उत्साहपूर्वक हुआ। माहेश्वरी महिला मंडल अध्यक्ष संगीता सोमानी ने बताया कि प्रथम दिवस पर योग प्रशिक्षण, ज़ुम्बा एवं डांस प्रशिक्षण तथा म्यूजिकल चेयर सहित विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, युवाओं एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।अतिथि एवं डांस प्रशिक्षक ऋषभ थापा का स्वागत माहेश्वरी नवयुवक मंडल अध्यक्ष दीनबंधु सोमानी एवं सचिव अंकित सोमानी द्वारा किया गया। ऋषभ थापा ने प्रतिभागियों को डांस एवं फिटनेस से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया।इस अवसर पर सुधा जागेतिया, रितु सोमानी, अभिलाषा सोमानी, पूर्णिमा सोमानी, सुधा सोमानी, सुनीता सोमानी, प्रियांशी माहेश्वरी, सुनील डाड, दिलीप लड्ढा, गोविंद लड्ढा एवं आशीष काबरा सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।स्वर्णिम परिवार प्रबोधन समिति, चित्तौड़गढ़ जिला उपाध्यक्ष दीपिका सोमानी ने सभी प्रतिभागियों, सहयोगियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की सफलता की शुभकामनाएँ दीं। 12 जून से समर कैंप का समय दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक रहेगा।

धोखाधड़ी का मामला दर्ज

उदयपुर,(कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने आरोपी व साथियों के खिलाफ धोखे से नकदी हडपने का प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्रापत जानकारी के अनुसार देवेन्द्रसिंह पुत्र लखनसिंह गुर्जर निवासी लोजिस्टिक नेचर हाउस सूवदेश का पुरा पोस्ट बाजण्ड हिण्डोन करोली ने नरेश कुमार सैनी पुत्र फुलचंद सैनी पुत्र ढती हलावाली सोरकी काड पोस्ट कोटपूतली जिला जयपुर सुशील सोनी, एवं कंपनी डायरेक्टर योगेश कुमार व मेनाज कुमार सेनी के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मैंने पिनकोड डार्क लोजिस्टीक कंपनी के जरिये आरोपी की कंपनी मिलक रन लोलिस्टीक कंपनी के साथ ऑनलाईन काम करने के लिए एठीमेंट किया था। इसके एवज में 3 लाख रूपये का भुगतान किया तथा अन्य भुगतान कर कुल 9 लाख रूपये का खर्च किया।

अवैध शराब से भरी कार दो कार जब्त

उदयपुर,(कासं)। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ.अमृता दुहन के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक राजीव राहर के सुपरजिवन में पाटिया थानाधिकारी देवेन्द्रसिंह राव एवं डीएसटी टीम प्रभारी एएसआई विक्रमसिंह मय टीम ने संयुक्त कार्यवाही गांव गुड़ा में एक रिहायशी मकान में कार से 18 कर्टन अवैध शराब 54 कार्टन बीयर जब्त कर तरूण कुमार पुत्र लालशंकर निवासी गुडा पाटिया को गिरफ्तार किया।

समस्याओं के निराकरण की मांग, दिया धरना

कपासन, (निसं)। कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति राजस्थान के बैनर तले कृषि कार्मिकों को विभागीय कार्य पूर्ण करने में आ रही समस्याओं का निराकरण कर संलग्न मांग पत्र पर कार्रवाई करने व 10 जून को राजस्थान के समस्त उप जिला कृषि कार्यालयों पर एक दिवसीय धरना दिया गया। इस संबंध में संगठन के बैनर तले 11 जून को सहायक निदेशक कृषि विस्तार उप जिला कपासन पर एकदिवसीय धरना देकर ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन में बताया कि कृषि कार्मिकों को विभागीय कार्यों को पूर्ण करने में कई समस्याओं का सामना करना पड रहा है।विभाग द्वारा कृषि कार्मिकों को कृषि मैपर पर कार्य करने हेतु बाध्य किया जा रहा है। कृषि मैपर पर कार्य करने में आ रही समस्याओं के बारे में समय समय पर सक्षम स्तर पर चर्चा की गई तथा कृषि पर्यवेक्षक संयुक्त समन्वय समिति द्वारा कृषि मैपर पर कार्य करने में होने वाली समस्याओं से अवगत कराया गया।आयुक्त कृषि को पी पी टी के माध्यम से भी अवगत कराया गया।उन्होंने स्वयं स्वीकार किया कि कृषि मैपर ऐप पर वर्तमान स्थिति में कार्य किया जाना संभव नहीं है। परंतु किसी भी स्तर से इसका समाधान नहीं किया गया है।

आज से शुरू होंगे ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीण सेवा शिविर

- 'ग्रामीणों की समस्याओं का होगा हाथों-हाथ समाधान, आपसी सहमति से खोले जाएंगे रास्ते'
- हर पात्र तक पहुंचे योजनाओं का लाभ, शिविरों में मिले त्वरित समाधान : जिला कलैक्टर

डूंगरपुर, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए संचालित ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के तहत जिला कलक्टर देशलदान ने जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीओआईटी के वीसी कक्ष में सभी जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से बैठक ली।

वीसी कक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले ग्रामीण सेवा शिविरों के सफल संचालन को लेकर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी शिविर की सफलता उसकी पूर्व तैयारियों पर निर्भर करती है। इसलिए शिविर प्रारंभ होने से पहले सभी विभाग आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें तथा प्रकरणों, अतिक्रमण संबंधी मामलों एवं विभागीय योजनाओं से जुडे आवेदनों के निस्तारण के लिए कार्ययोजना बनाकर पूरी तैयारी सुनिश्चित करें। साथ ही पूर्व से लंबित आवेदनों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश भी दिए। जिला कलक्टर ने 22 विभागों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी विभाग अपने-अपने कार्यों की स्पष्ट कार्ययोजना तैयार कर चिन्हित करें, ताकि शिविरों का सफल आयोजन सुनिश्चित हो सके।

उन्होंने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले प्रत्येक ग्रामीण के साथ आत्मीयता एवं संवेदनशीलता से व्यवहार करते हुए उनके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करें। शिविर स्थलों पर पेयजल, छाया, बैठने की व्यवस्था सहित सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र लाभार्थी वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि सभी जिला स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्मिकों की बैठक लेकर अभियान के सफल संचालन को सुनिश्चित करें। बैठक में जिला कलक्टर ने सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों की ब्लॉकवार समीक्षा करते हुए शिविरों के सफल आयोजन के लिए की जाने वाली पूर्व तैयारियों पर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कार्यवाहक अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड ने ग्रामीण शिविरों के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए शिविरों के सफल आयोजन के लिए निर्देश प्रदान किए।

अभियान के तहत 22 विभागों के कार्य होंगे संपादित:-ग्रामीण सेवा शिविर अभियान के अंतर्गत 12 जून से 15 जुलाई 2026 तक प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर सोमवार से शुक्रवार, प्रात: 10 बजे से सायं 5 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में राजस्व, पंचायती राज, ग्रामीण विकास, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं भूजल विभाग, कृषि विभाग, जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग, ऊर्जा विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग,सैनिक कल्याण विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, आयोजना विभाग, पशुपालन विभाग, श्रम विभाग,आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा पद्धति विभाग, शिक्षा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सहकारिता विभाग, वन विभाग, जल संसाधन विभाग तथा परिवहन विभाग से संबंधित विभिन्न सेवाएं एवं कार्य किए जाएंगे। जिला कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सूचना प्रौद्योगिकी के वीसी कक्ष में सम्बन्धित विभागीय जिला स्तरीय अधिकारी एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से उपस्थित रहे।

सार-समाचार

भाजपा मंडल मंगलवाड़ की बैठक

मंडफिया, (निसं)। भाजपा मंडल मंगलवाड़ कार्यकारिणी की बैठक मंडल अध्यक्ष भेरूलाल गाडरी भूतखेड़ा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सशक्त मंडल, बूथ प्रबंधन, सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचे पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भगवान से देश की उन्नित, प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु तथा राष्ट्र की निरंतर प्रगति एवं समृद्धि की कामना की गई। बैठक में मंडल अध्यक्ष भेरुलाल गाडरी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चंद्रशेखर शर्मा, जिला परिषद सदस्य किशनलाल अहीर, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश शर्मा, लक्ष्मीलल मेनारिया, मंडल महामंत्री आशीष शर्मा, गणेशदास वैष्णव, उदयलाल जाट किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंपालाल जाट, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष हजारीलाल कुलमी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष पुष्कर अहीर, भाटोली बागरियान सरपंच ओंकारलाल जाट, सगेसरा सरपंच कुंदनमल खेरोदिया, नेगडिया सरपंच किस्मत गुर्जर, नाडाखेड़ा सरपंच शंकर लाल पाटीदार, लोठियाना सरपंच मनोहरलाल जाट, एवं पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता, मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

उदयपुर में 50 से ज्यादा इलाकों में आज बिजली कटौती

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर में विद्युत लाइनों के आवश्यक रखरखाव एवं तकनीकी कार्यों के चलते शुक्रवारको शहर के 50 से ज्यादा इलाकों में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। बिजली निगम के अनुसार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सुबह 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक संबंधित क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।इस दौरान बोहरा गणेशजी, राजश्री कॉलोनी, विनायक नगर, सेंट टेरेसा,जयश्री कॉलोनी, वृंदावन नगर, धूलकोट, गोकुलपुरा, महासतिया, ठोकर, पांडेयजी की बाड़ी, गंगूकुंड,आयड़,सोनी जी की बाड़ी, यूनिवर्सिटी रोड,हनुमान चौक, गणेश नगर, पहाड़ा, बेकनी पुलिया,हीरा बाग कॉलोनी, 100 फीट रोड,नंद भवन, वर्जू विला, आनंद नगर, लोहार कॉलोनी, सुंदरवास, गांधीनगर, अरावली कॉम्प्लेक्स, वृंदा विहार, आरटीओ क्षेत्र, रघुनाथपुरा, मनीष विहार इलाके में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी प्रकार श्याम विहार,लाल विहार, विक्रमादित्य चौराहा,हंसा विहार, हरीश्याम विहार, सागर कॉम्प्लेक्स, कालका माता रोड, पंजाबी बाग, नाकोड़ा नगर, आदर्श नगरविहार,हराश्याम विहार, सागर काम्प्लेक्स, कालका माता रोड, पंजाबी बाग, नाकोड़ा नगर,आदर्श नगर, शिव कॉलोनी, न्यू केशव नगर, कुशल बाग, रूपसागर रोड,सागर कॉलोनी, शुभ लाभ, शुभ लक्ष्मी, यूनिवर्सिटी कैंपस आदि क्षेत्रो में भी बिजली बंद रहेगी।

अघोषित बिजली कटौती के विरोध में किया प्रदर्शन

- ज्ञापन सौंपकर आंदोलन की दी चेतावनी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, बार-बार विद्युत ट्रिपिंग तथा सुचारू विद्युत आपूर्ति नहीं होने से आमजन को हो रही भारी परेशानियों के विरोध में आज उदयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ के नेतृत्व में अजमेर विद्युत वितरण निगम लि. के अधीक्षण अभियंता कार्यालय पर प्रदर्शन किया गया तथा अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपकर तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विद्युत विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में बिना किसी पूर्व सूचना के बार-बार बिजली कटौती की जा रही है, जिससे आमजन, व्यापारी, विद्यार्थी, किसान एवं छोटे उद्योग-धंधे गंभीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं। शहर के अनेक क्षेत्रों में दिन और रात दोनों समय लगातार ट्रिपिंग एवं लो-वोल्टेज की समस्या बनी हुई है, जिससे लोगों में भारी रोष व्याप्त है।इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष फतह सिंह राठौड़ ने कहा कि विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। अघोषित बिजली कटौती के कारण पेयजल व्यवस्था, घरेलू कार्य, व्यापारिक गतिविधियां तथा विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री दिनेश कुमार दवे ने बताया कि प्रदर्शन में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष सुरेश श्रीमाली, पूर्व विधायक त्रिलोक पूर्बियाआदि मौजूद रहे।

बांसवाड़ा में नगर निकायों में शिविरों का कैलेंडर जारी

बांसवाड़ा, (निसं)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं विभिन्न विभागीय सेवाओं का लाभ एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के नगरीय क्षेत्रों में शहरी सेवा शिविर 2026 का आयोजन 12 जून से 15 जुलाई तक किया जाएगा।

जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर परिषद बांसवाडा, नगर पालिका कुशलगढ एवं नगर पालिका परतापुर-गढी द्वारा शिविरों के आयोजन का वार्डवार कैलेंडर जारी कर दिया गया है। शिविर प्रतिदिन प्रात: साढे 9 बजे से सायं 6 बजे तक आयोजित होंगे। अभियान के अन्तर्गत शहर को स्वच्छ एवं सुव्यस्थित बनाने के लिये सम्पूर्ण शहर की साफ-सफाई, सीसी/डामर सडक मरम्मत एवं पेच वर्क के कार्य, नालियों की मरम्मत, प्रमुख चौराहो, डिवाईडरों, पार्क एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का रख-रखाव, स्ट्रीट लाईट रिपेयर व नई लाईट लगाना, सार्वजनिक पार्कों की साफ-सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की साफ-सफाई, सीवरेज कनेक्शन व रिपेयर, अनुमोदित योजनाओं एवं विभिन्न अन्य योजनाओं के पट्टे, भू-उपयोग परिवर्तन, खांचा भूमि, स्टेट ठाउण्ट के पट्टे, नामान्तरण, भवन निर्माण स्वीकृति, ट्रेड लाईसेन्स, फायर एनओसी, स्ट्रीट वेडर रजिस्ट्रेशन, उप विभाजन-एकीकरण, लीज मुक्ति प्रमाण पत्र, जन्म-मृत्यु एवं विवाह पंजीयन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, मुख्यमंत्री स्व-निधि योजना/ प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना के तहत् आवेदन, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवेदन, अटल पेंशन योजना, वृद्धावस्था, विधवा एवं विकलांग पेंशन आदि के आवेदन, विभिन्न विभागो की फ्लेगशिप जनहित योजनाओं कें आवेदन, सम्बन्धित कार्य सम्पादित किये जावे। नगर परिषद् की ओर से 12 जून से 15 जुलाई तक मुख्य शिविर अम्बेडकर भवन, कुशलबाग मैदान में आयोजित किये जायेंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार 12 जून को वार्ड 1 से 3, 13 को वार्ड 4 से 6, 15 को वार्ड 7 से 9, 16 को वार्ड 10 से 11, 18 को वार्ड 12 से 14, 19 को वार्ड 15 से 17, 20 को वार्ड 18 से 20, 22 को वार्ड 21 से 22, 23 को वार्ड 23 से 24, 24 को वार्ड 25 से 27, 25 को वार्ड 28 से 30, 27 को वार्ड 31 से 32, 29 को वार्ड 33 से 35 तथा 30 को वार्ड 36 से 37 के लिए शिविर आयोजित होंगे। नगर पालिका कुशलगढ क्षेत्र में जारी कैलेंडर के अनुसार कुशलगढ नगरपालिका में 12 जून से 7 जुलाई तक वार्ड संख्या 1 से 20 के लिए क्रमवार शिविर आयोजित किए जाएंगे।

कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति (अनाज) उदयपुर

क्रमांक :- आवंटन/2026-27/906-914 दिनांक :- 09/06/2026

विज्ञप्ति

कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज) उदयपुर में कार्यरत् समस्त व्यापार मण्डलों को सूचित किया जाता है कि गौण मण्डी प्रागंण बलीचा में व्यापार मण्डल भवन के लिए चिन्हित रिक्त भूखण्ड का अचल सम्पति आवंटन नीति, 2005 एवं यथा संशोधित प्रावधानो के अन्तर्गत निर्धारित शर्तो पर 99 वर्षीय लीज पद्धति पर आवंटन किया जाना है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र. सं.	आवंटन की जाने वाली सम्पति का विवरण	भूखण्ड साईज	भूखण्ड संख्या
1.	व्यापार मण्डल भवन के लिए भूखण्ड	100'X50'	01

अतः इच्छुक व्यापार मण्डल जो कि व्यापार मण्डल भवन के लिए चिन्हित रिक्त भूखण्ड को अचल सम्पति आवंटन नीति, 2005 के प्रावधानों के अन्तर्गत आवंटन कराना चाहते है वो निर्धारित शुल्क 500/- रूपये कार्यालय में जमा करवाकर आवटन शाखा से आवेदन पत्र एवं शर्तें प्राप्त कर सकते है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरकर धरोहर राशि 10000/-रू. कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज) उदयपुर के नाम से देय चैक/डी.डी. के साथ आवश्यक समस्त वांछित दस्तावेजों सहित दिनांक 30.06.2026 को सायं 06:00 बजे तक मण्डी समिति कार्यालय में जमा करावें। निर्धारित दिनांक एवं समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन पर कोई विचार नही किया जाएगा। विज्ञप्ति से सम्बन्धित शर्तें कार्यालय समय में कार्यालय में देखी जा सकती है।

प्रशासक सचिव

राज.संवाद/सी/26/4657 कृषि उपज मण्डी समिति, (अनाज) उदयपुर

डूंगरपुर के साबली गांव में जमीन विवाद में पिता ने बेटे पर हमला किया

- हमले में बेटा और एक दोस्त घायल

डूंगरपुर, (निसं)। जिले के बिछीवाड़ा थाना क्षेत्र के साबली गांव में जमीन विवाद को लेकर एक पिता ने अपने बेटे और उसके दोस्तों पर हमला कर दिया। इस हमले में बेटा और उसका एक दोस्त घायल हो गए। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बिछीवाड़ा थाना पुलिस के अनुसार साबली निवासी विपिन वरहात ने इस संबंध में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि विपिन अपने दोस्त लोकेश और रौनक के साथ घर का सामान लेने गए थे। रास्ते में पेट्रोल खत्म होने के कारण वे गाड़ी खड़ी कर पैदल तेल लेने जा रहे थे। इसी दौरान आरोपी सुरेश मनात अपनी अर्टिका कार से वहां पहुंचा। कार में विपिन के पिता और साबली पंचायत के प्रशासक लीलाराम वरहात, पूनम मनात और प्रियंका मनात भी सवार थे। आरोपियों ने अपनी गाड़ी विपिन की गाड़ी के आगे अडा दी और विपिन को पकड़ लिया। सुरेश मनात ने विपिन पर तलवार से हमला किया। जब विपिन के दोस्त लोकेश ने बीच-बचाव करने की कोशिश की तो उसके सिर पर लोहे की रॉड से वार किया गया। इस हमले में विपिन और लोकेश घायल हो गए। घायल विपिन और लोकेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। विपिन वरहात ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि आरोपी लीलाराम वरहात उनके सगे पिता हैं और वह उनकी पहली पत्नी का बेटा है। विपिन के अनुसार जमीन के बंटवारे को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है, जिसके कारण यह हमला सुनियोजित तरीके से किया गया।

कथा में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

राजसमंद, (निसं)। मोही ठिकाना परिवार की ओर से राजपूत सामुदायिक भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा महोत्सव के छठे दिन गुरुवार को श्रद्धा और भक्ति का माहौल रहा। दोपहर से ही श्रद्धालुओं का कथा स्थल पर पहुंचना शुरू हो गया और कुछ ही देर में पांडाल श्रद्धालुओं से भर गया। भगवान श्रीकृष्ण के जयघोष, भजन-कीर्तन और धार्मिक अनुष्ठानों के बीच श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण कर धर्मलाभ लिया।छठे दिन कथा में राष्ट्रीय महाकाल सेना के संस्थापक दिगंबर खुशाल भारती महाराज एवं तकडियों का गुडा आश्रम के पूज्य हरिशरण महाराज का सान्निध्य रहा।

दवेला तालाब की सीमा मापकर बने सड़क, विकास से पहले तालाब का संरक्षण जरूरी

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर क्षेत्र के लिए बहुप्रतीक्षित भीण्डर-पाणुंद सड़क निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। करणी माता मंदिर क्षेत्र से प्रारंभ होकर दवेला तालाब किनारे, नगर पालिका, सूरजपोल, गिरिवलपोल होते हुए पाणुंद तक लगभग 27 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। यह मार्ग भविष्य में भीण्डर के लिए एक महत्वपूर्ण बाइपास के रूप में विकसित होगा, जिससे शहर के यातायात दबाव में बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं प्रकृति प्रेमियों की मांग है कि भीण्डर के जलाशयों ने अपनी वास्तविक क्षमता वर्ष 2016 में बताई थी, तब तालाब ओवरफ्लो होकर अपनी जलभराव की क्षमता भी दर्शा दी थी। उस समय कई कॉलोनियां व घरों में पानी भर गया था।

सरकार द्वारा स्वीकृत करीब 70 करोड़ रुपये की लागत से भीण्डर-पाणुंद एवं फीला तक सड़क निर्माण कार्य कराया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर भमरासिया घाटी से कुराबड़ तक भी सड़क निर्माण कार्य प्रगति पर है। क्षेत्रवासियों का मानना है कि यह परियोजना ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को आसान बनाते हुए विकास को नई गति देगी। विशेष रूप से खनन क्षेत्र से जुड़े भारी वाहनों को भी इस मार्ग के बनने से बड़ी राहत मिलेगी।

करणी माता से दवेला तालाब, धारता रोड होते हुए नगर पालिका क्षेत्र तक बनने वाला यह मार्ग भीण्डर के लिए एक वैकल्पिक बाइपास साबित होगा। इससे धरियावद-प्रतापगढ़ क्षेत्र से आने-जाने वाले वाहनों को भीण्डर शहर के भीतरी हिस्से में प्रवेश करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। परिणामस्वरूप शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और आमजन को जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के साथ ही प्रकृति प्रेमियों और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े नागरिकों ने दवेला तालाब की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त की है। उनका कहना है कि सड़क निर्माण क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन यह कार्य तालाब की प्राकृतिक सीमा और उसकी जलभराव क्षमता को प्रभावित किए बिना किया जाना चाहिए। प्रकृति प्रेमियों ने मांग की है कि तालाब की पाल एवं जलभराव क्षेत्र को पूर्णत: सुरक्षित रखते हुए सड़क का निर्माण कराया जाए। यदि आवश्यकता हो तो तालाब किनारे स्थित खाताधारकों की भूमि अधिठाहित कर वैकल्पिक मार्ग तैयार किया जाए, लेकिन किसी भी स्थिति में तालाब के क्षेत्रफल और जल संग्रहण क्षमता में कमी नहीं आनी चाहिए।

सड़क निर्माण एजेंसी द्वारा दवेला तालाब के किनारों पर साफ-सफाई एवं झाड़ियों को हटाने का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके आधार पर सड़क निर्माण के लिए भूमि चिन्हित की जा रही है। हालांकि स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी तक सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा राजस्व विभाग से तालाब की वास्तविक सीमा का निर्धारण नहीं कराया गया है। क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि सबसे पहले राजस्व अभिलेखों के आधार पर तालाब की सीमा की पैमाइश कराई जाए तथा उसके बाहर ही सड़क निर्माण किया जाए। साथ ही जिन स्थानों से बरसाती पानी एवं प्राकृतिक जलधाराएं तालाब में प्रवेश करती हैं, वहां पर्याप्त पुलियों और जल निकासी संरचनाओं का निर्माण किया जाए, ताकि तालाब की जल आवक बाधित न हो।

दवेला तालाब केवल एक जलाशय नहीं, बल्कि भीण्डर की पर्यावरणीय धरोहर और हजारों लोगों के जल भविष्य का आधार है। यदि विकास कार्यों के नाम पर तालाबों और जलाशयों की सीमाएं लगातार सिकुड़ती गईं, तो आने वाले वर्षों में जल संकट, भूजल स्तर में गिरावट और पर्यावरणीय असंतुलन जैसी समस्याएं गंभीर रूप धारण कर सकती हैं। विकास आवश्यक है, सड़क भी जरूरी है, लेकिन विकास और प्रकृति के बीच संतुलन बनाए रखना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। दवेला तालाब सुरक्षित रहेगा तो ही आने वाली पीढ़ियों का जल भविष्य सुरक्षित रह सकेगा।

राजेश कुमावत, कनिष्ठ अभियंता पीडब्ल्यूडी विभाग भीण्डर ने बताया कि भीण्डर से पाणुंद सड़क का निर्माण हो रहा हैं, जिसमें करणी माता से नगर पालिका तक बाइपास के रूप में सड़क विकसित कर रहे है। तालाब की सीमा जानकारी के लिए भीण्डर तहसील कार्यालय में पत्र भेज दिया हैं, जल्द ही सीमा जानकारी कर दी जायेगी। वहीं तालाब के जल भराव क्षेत्र को किसी भी प्रकार से प्रभावित नहीं हो ये ध्यान में रखा जायेगा।

दिनांक-20.05.2026

संघ लोक सेवा आयोग

परीक्षा/भर्ती परीक्षण कार्यक्रम-2027

क्र. सं.	परीक्षा का नाम	अधिसूचना की तिथि	आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि	परीक्षा शुरू होने की तिथि	परीक्षा की अवधि
1	संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/परीक्षा के लिए आरक्षित			09.01.2027 (शनिवार)	2 दिन
2	सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027	02.09.2026	22.09.2026	01.01.2027 (रविवार)	1 दिन
3	इंजीनियरी सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027	16.09.2026	06.10.2026	31.01.2027 (रविवार)	1 दिनांक
4	केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (पुलिस उपाधीक्षक) सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा	16.12.2026	05.01.2027	27.02.2027 (शनिवार)	2 दिन
5	संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/परीक्षा के लिए आरक्षित			13.03.2027 (शनिवार)	2 दिन
6	केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सहायक कमांडेंट (कार्यकारी) समिति विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2027	25.11.2026	15.12.2026	14.03.2027 (रविवार)	1 दिन
7	राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथानौसेना अकादमी परीक्षा (1) 2027	02.12.2026	22.12.2026	11.04.2027 (रविवार)	1 दिन
8	सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (1) 2027	"	"	"	"
9	सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2027	13.01.2027	02.02.2027	23.05.2027 (रविवार)	1 दिन
10	सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2027 के माध्यम से भारतीय वन सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2027	"	"	"	"
11	संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए आरक्षित			05.06.2027 (शनिवार)	2 दिन
12	इंजीनियरी सेवा (प्रधान) परीक्षा 2027			18.06.2027 (शुक्रवार)	1 दिन
13	भारतीय आर्थिक सेवा/भारतीय सांख्यिकी सेवा परीक्षा, 2027	10.02.2027	02.03.2027	18.06.2027 (शुक्रवार)	3 दिन
14	सम्मिलित भू-वैज्ञानिक (प्रधान) परीक्षा, 2027			19.06.2027 (शनिवार)	2 दिन
15	केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सहायक कमांडेंट) परीक्षा, 2027	17.02.2027	09.03.2027	04.07.2027 (रविवार)	1 दिन
16	सम्मिलित चिकित्सा सेवा परीक्षा, 2027	03.03.2027	23.03.2027	18.07.2027 (रविवार)	1 दिन
17	संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/परीक्षा के लिए आरक्षित			31.07.2027 (शनिवार)	2 दिन
18	संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/परीक्षा के लिए आरक्षित			07.08.2027 (शनिवार)	2 दिन
19	सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2027			20.08.2027 (शुक्रवार)	5 दिन
20	राष्ट्रीय रक्षा अकादमी तथा नौसेना अकादमी परीक्षा (2) 2027	12.05.2027	01.06.2027	19.09.2027 (रविवार)	1 दिन
21	सम्मिलित रक्षा सेवा परीक्षा (2) 2027	"	"	"	"
22	संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/परीक्षा के लिए आरक्षित			25.09.2027 (शनिवार)	2 दिन
23	संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/परीक्षा के लिए आरक्षित			16.10.2027 (शनिवार)	2 दिन
24	संघ लोक सेवा आयोग परीक्षा के लिए आरक्षित			2310.2027 (शनिवार)	2 दिनंक
25	भारतीय वन सेवा (प्रधान) परीक्षा 2027			21.11.2027 (रविवार)	7 दिन
26	संघ लोक सेवा आयोग के भर्ती परीक्षण/परीक्षा के लिए आरक्षित			04.12.2027 (शनिवार)	2 दिन
27	अनुभाग अधिकारी/आशुलिपिक (ग्रेड-ख/ग्रेड-1), सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा	15.09.2027	05.10.2027	18.12.2027 (शनिवार)	2 दिन

नोट- परिस्थितियों के अनुसार अधिसूचना की तिथियां, भर्ती परीक्षण/परीक्षा की शुरूआत और अवधि में परिवर्तन किया जा सकता है।

CBC 55101/14/0001/2627